# कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक, उलन बटार रोड, दिल्ली छावनी-10

## (हिन्दी कक्ष)

**विषय : कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक की दिनांक 23 मार्च, 2018 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का कार्यवृत्त।**

इस मुख्यालय कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की पहली तिमाही बैठक दिनांक 23 मार्च, 2018 को पूर्वाह्न में 11.00 बजे श्रीमती मधुलिका पी. सुकुल, रक्षा लेखा महानियंत्रक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री उपेन्द्र साह, रक्षा लेखा अपर महानियंत्रक | सदस्य |
| 2. | श्री मुश्ताक अहमद, रक्षा लेखा उप महानियंत्रक (प्रशा.) | सदस्य |
| 3. | श्री अरविन्द कुमार वानी, रक्षा लेखा उप महानियंत्रक | सदस्य |
| 4. | श्री मनोज कुमार, वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 5. | श्री जितेन्द्र जोशी, वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 6. | श्री वी.के. पुरोहित, वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 7. | श्री राजू प्रसाद, वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 8. | सुश्री किरण राजू, वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 9. | श्रीमती सुनीता तिवारी, वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 10. | श्री प्रसेनजीत घोष रॉय, वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 11. | श्री सतीश कुमार त्रिपाठी, वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 12. | श्री राजेश कुमार गुप्ता, लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 13. | श्री ललित मोहन पापने, लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 14. | श्री पंकज दलाल, कनिष्ठ अनुवादक | सदस्य |
| 15. | श्री रवि कुमार, कनिष्ठ अनुवादक | सदस्य |
| 16. | श्री संदीप बोस, कनिष्ठ अनुवादक | सदस्य |
| 17. | श्रीनिवास शर्मा, सहायक निदेशक (रा.भा.) | सदस्य सचिव |

सदस्य सचिव द्वारा अध्यक्ष महोदया एवं अन्य सदस्यों के स्वागत के उपरांत बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुई। बैठक में कई महत्वपूर्ण मदों पर विचार-विमर्श किया गया:-

**मद सं. 1 : दिनांक 29 दिसम्बर, 2017 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि:**

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की पिछली बैठक दिनांक 29 दिसम्बर, 2017 को आयोजित की गई थी। बैठक के कार्यवृत्त और सूचना बिन्दु अपेक्षित कार्रवाई के लिए रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय की वैबसाइट पर अपलोड कर दिये गये थे। किसी भी सदस्य से कार्यवृत्त के संबंध में कोई आपत्ति अथवा सुझाव प्राप्त न होने पर समिति द्वारा सर्वसम्मति से कार्यवृत्त की पुष्टि मान ली गई।

**मद सं. 2 : पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर कार्रवाई:**

**संसदीय राजभाषा समिति द्वारा दिनांक 10.01.2018 को कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक का निरीक्षण-**

सदस्य सचिव ने सूचित किया कि संसदीय राजभाषा समिति ने दिनांक 10.01.2018 को कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक का निरीक्षण किया था। संसदीय समिति ने पाया कि कार्यालय का हिंदी पत्राचार का प्रतिशत वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्य से कम है, जिसे शत-प्रतिशत किया जाना चाहिए। साथ ही, अंग्रेजी के पत्रों के उत्तर भी हिंदी में दिये जाने चाहिएँ।

संसदीय राजभाषा समिति के उक्त निर्देशों के अनुपालन में रक्षा लेखा महानियंत्रक महोदया की ओर से सभी रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रकों एवं सभी वरिष्ठ लेखा अधिकारियों/लेखा अधिकारियों को महत्वपूर्ण परिपत्र जारी किये गये हैं, जिनके अंतर्गत शत-प्रतिशत कार्य हिंदी में करने हेतु निर्देश दिए गए।

**(कार्रवाई : सभी स्थानीय अनुभाग)**

**मद सं. 3 : सितंबर, 2017 तथा दिसंबर, 2017 की हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित तिमाही प्रगति रिपोर्टों की समीक्षा:**

सदस्य सचिव ने सितम्बर, 2017 तथा दिसम्बर, 2017 तिमाहियों की हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित रिपोर्टों के आंकड़े समिति के समक्ष प्रस्तुत किए और सूचित किया कि रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक(म.क.) लखनऊ, रक्षा लेखा नियंत्रक (वा.से.) नई दिल्ली, रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (द.प.क.) जयपुर, रक्षा लेखा नियंत्रक (आई.डी.एस.) नई दिल्ली, रक्षा लेखा नियंत्रक गुवाहाटी, रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (अफ.) पुणे तथा रक्षा लेखा नियंत्रक (अनु. एवं वि.) बंगलुरू कार्यालयों के हिंदी पत्राचार के प्रतिशत में पिछली तिमाही के मुकाबले गिरावट दर्ज की गई है।

सदस्य सचिव ने यह भी सूचित किया कि इस संबंध में संबंधित कार्यालयों को पत्र जारी कर दिए गए हैं।

**(कार्रवाई : सभी संबंधित र.ले.प्र.नि./र.ले.नि. कार्यालय)**

**मद सं. 4 : मुख्यालय कार्यालय के हिन्दी पत्राचार में वृद्धि:**

संसदीय राजभाषा समिति की पहली उप-समिति द्वारा दिनांक 10 जनवरी, 2018 को किए गए इस मुख्यालय कार्यालय के राजभाषा संबंधी निरीक्षण पर चर्चा के दौरान सदस्य सचिव ने बताया कि उक्त निरीक्षण बैठक के दौरान माननीय समिति ने कार्यालय में राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता पर बल दिया था।

अध्यक्ष महोदया ने इस संबंध में बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों का आह्वान किया कि कार्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी हिन्दी में प्रवीणता/कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त हैं, अतः वे स्वयं अपना कार्य हिन्दी में करें तथा अपने अधीनस्थ अधिकारियों/कर्मचारियों को भी हिन्दी में कार्य करने के लिए प्रेरित करें। हिन्दी पत्राचार में वृद्धि को और गति प्रदान करने के लिए नेमी प्रकृति के कार्यों, अग्रेषण पत्रों, शून्य रिपोर्टों आदि को हिन्दी में भेजना सुनिश्चित करें। इस संबंध में सदस्य सचिव द्वारा नेमी प्रकृति के एक अग्रेषण पत्र का प्रारूप समिति के समक्ष दर्शाया गया। समिति ने सुझाव दिया कि इस तरह के अग्रेषण पत्र का भी प्रयोग किया जा सकता है।

**(कार्रवाई : सभी अनुभाग)**

**मद सं. 5 : हिन्दी प्रशिक्षण की स्थिति:**

समिति को सूचित किया गया कि मुख्यालय कार्यालय में कुल 26 आशुलिपिक तथा 55 लिपिक (13 सीधी भर्ती द्वारा + 42 पदोन्नोति द्वारा) तैनात हैं, जिनमें से 19 आशुलिपिकों तथा 28 लिपिकों को क्रमशः हिंदी आशुलिपि एवं हिंदी टंकण का ज्ञान प्राप्त है। शेष 07 आशुलिपिकों को दो-दो के बैच में हिंदी आशुलिपि प्रशिक्षण हेतु अगले सत्रों में नामित किया जाएगा। हिंदी टंकण पत्राचार पाठ्यक्रम के अंतर्गत एमटीएस से पदोन्नत हुए लिपिकों में से कुछ लिपिकों ने हिंदी टंकण प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया है। 01 फरवरी 2018 से शुरू हुए हिंदी टंकण पत्राचार पाठ्यक्रम हेतु 06 और लिपिकों को नामित किया गया है जिन्हें मुख्यालय के हिंदी कक्ष में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

अध्यक्ष महोदया ने इस पर संतोष प्रकट किया और निर्देश दिया कि अप्रशिक्षित आशुलिपिकों को यथाशीघ्र प्रशिक्षण के लिए नामित किया जाए।

**(कार्रवाई : हिन्दी कक्ष)**

**मद सं. 6 : हिन्दी कार्यशाला का आयोजन:**

(1) सदस्य समिति द्वारा समिति को सूचित किया गया कि विभाग के अधीनस्थ कार्यालयों में तैनात वरिष्ठ अनुवादकों/कनिष्ठ अनुवादकों के लिए मुख्यालय कार्यालय में पुनश्चर्या पाठ्यक्रम/व्यावहारिक ज्ञान प्रशिक्षण के अंतर्गत संघ की राजभाषा नीति, टिप्पण आलेखन, तिमाही प्रगति रिपोर्ट, प्रोत्साहन योजनाएं, संसदीय राजभाषा समिति की निरीक्षण प्रश्नावली आदि से संबंधित हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसे प्रतिभागियों ने बहुत ही उपयोगी बताया।

(2) इसके अतिरिक्त, अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान, गुरुग्राम में भी आई.एफ.ए. कार्यालयों के व.ले.अ./ले.अ./स.ले.अ. के लिए एक कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें मुख्यालय कार्यालय के सहायक निदेशक (रा.भा.) एवं अनुवादक द्वारा संघ की राजभाषा नीति और नियम आदि के संबंध में व्याख्यान देने के साथ-साथ यूनिकोड पर हिंदी टाइपिंग का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

**मद सं. 7 : रक्षा लेखा विभाग में हिन्दी पदों की स्थिति:**

सदस्य सचिव द्वारा विभाग में वर्तमान में हिन्दी संवर्गीय पदों की निम्नलिखित स्थिति समिति के समक्ष प्रस्तुत की गई:

| | स्वीकृत पद | भरे गए पद | रिक्त पद |
|---|---|---|---|
| सहायक निदेशक(राजभाषा) | 37 | 13 | 24 |
| वरिष्ठ अनुवादक | 35 | 32 | 03 |
| कनिष्ठ अनुवादक | 70 | 55 | 15 |

(1) सदस्य सचिव ने समिति को सूचित किया कि 03 वरिष्ठ अनुवादकों के सहायक निदेशक (रा.भा.) के पद पर पदोन्नति के बाद अब सहायक निदेशक (रा.भा.) के 24 पद रिक्त हैं। इस परिप्रेक्ष्य में प्रशासन अनुभाग ने समिति को सूचित किया कि कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के निर्देशानुसार सातवें वेतन आयोग की अधिसूचना जारी होने के बाद सहायक निदेशक (रा.भा.) के भर्ती नियमों में संशोधन का प्रस्ताव पुनः कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग को आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित किया जा चुका है।

अध्यक्ष महोदया ने सहायक निदेशक (रा.भा.) के रिक्त पदों को भरने के लिए प्रतिनियुक्ति के विकल्प पर विचार करने का निर्देश दिया।

**(कार्रवाई: प्रशासन-2 अनुभाग)**

(2) सदस्य सचिव ने समिति को सूचित किया कि 03 वरिष्ठ अनुवादकों की सहायक निदेशक(रा.भा.) के पद पर पदोन्नति के उपरांत वरिष्ठ अनुवादकों के 03 पद रिक्त हुए हैं। इस संबंध में प्रशासन अनुभाग ने समिति को सूचित किया कि वरिष्ठ अनुवादक के रिक्त पदों को भरने के लिए कार्रवाई करते हुए सभी र.ले.प्र.नि./र.ले.नि. कार्यालयों से यथा अपेक्षित सूचनाएं मांगी गई है।

अध्यक्ष महोदया ने निर्देश दिया कि कनिष्ठ अनुवादकों के रिक्त पदों को भरने के संबंध में मुख्यालय कार्यालय एवं संबंधित प्रधान नियंत्रक/नियंत्रक कार्यालयों द्वारा कर्मचारी चयन आयोग के साथ पत्राचार किया जाए। इस संबंध में रक्षा लेखा वरिष्ठ उप महानियंत्रक (प्रशा.) ने सूचित किया कि कनिष्ठ अनुवादकों के रिक्त पदों को भरने के लिए कर्मचारी चयन आयोग से संपर्क की प्रक्रिया जारी है।

**(कार्रवाई: प्रशासन-8 अनुभाग)**

(3) सदस्य सचिव ने समिति को सूचित किया कि पिछली बैठक में लिए गए निर्णयानुसार मुख्यालय कार्यालय में वरिष्ठ अनुवादक के रिक्त एक पद को भर दिया दर्शाया गया है। हालांकि स्थानांतरण आदेशों के उपरांत भी अनुवादक ने मुख्यालय कार्यालय में अभी तक कार्यभार ग्रहण नहीं किया है।

इस संबंध में अध्यक्ष महोदया ने आदेश दिया कि इस संबंध में पुनः अनुस्मारक जारी किया जाए।

**(कार्रवाई : प्रशा-10 अनुभाग)**

**मद सं. 8 : संसदीय राजभाषा समिति द्वारा निरीक्षण:**

संसदीय राजभाषा समिति द्वारा पिछले एक वर्ष के दौरान किए गए निरीक्षणों का निम्नलिखित विवरण अभ्युक्तियों सहित राजभाषा कार्यान्वयन समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया:

| क्र.सं. | कार्यालय का नाम | निरीक्षण की तारीख | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 1. | रक्षा पेंशन संवितरण कार्यालय, श्रीनगर | 11.05.2017 | संबंधित कार्यालय से प्राप्त अनुवर्ती कार्रवाई समीक्षा के उपरांत संसदीय राजभाषा समिति सचिवालय भेजने हेतु मंत्रालय को प्रेषित कर दी गई है। |
| 2. | रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (सी.स.), दिल्ली छावनी | 17.05.2017 | संसदीय राजभाषा समिति द्वारा उक्त कार्यालयों के निरीक्षण के दौरान कार्यालय प्रमुख द्वारा समिति को दिए गए आश्वासनों की सूची अभी प्रतीक्षित है। सूची प्राप्त होने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। |
| 3. | रक्षा लेखा नियंत्रक (निधि), मेरठ | 07.07.2017 | संबंधित कार्यालय से प्राप्त अनुवर्ती कार्रवाई समीक्षा के उपरांत संसदीय राजभाषा समिति सचिवालय भेजने हेतु मंत्रालय को प्रेषित कर दी गई है। |
| 4. | रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (अफसर), पुणे | 11.09.2017 | |
| 5. | स्थानीय लेखापरीक्षा कार्यालय (सेना), उदयपुर | 13.09.2017 | संसदीय राजभाषा समिति द्वारा उक्त कार्यालय के निरीक्षण के दौरान कार्यालय प्रमुख द्वारा समिति को |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | दिए गए आश्वासनों की सूची अभी प्रतीक्षित है। सूची प्राप्त होने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। |
| 6. | स्थानीय लेखापरीक्षा कार्यालय(वा.से.), रजोकरी, नई दिल्ली | 15.09.2017 | संबंधित कार्यालय से प्राप्त अनुवर्ती कार्रवाई समीक्षा के उपरांत संसदीय राजभाषा समिति सचिवालय भेजने हेतु मंत्रालय को प्रेषित कर दी गई है। |
| 7. | रक्षा लेखा संयुक्त नियंत्रक (वा.से.) नई दिल्ली | 21.10.2017 | संसदीय राजभाषा समिति द्वारा उक्त कार्यालय के निरीक्षण के दौरान कार्यालय प्रमुख द्वारा समिति को दिए गए आश्वासनों की सूची अभी प्रतीक्षित है। सूची प्राप्त होने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। |
| 8. | रक्षा लेखा नियंत्रक, गुवाहाटी | 24.10.2017 | र.ले.नि. गुवाहाटी से आश्वासन संबंधी अनुवर्ती कार्रवाई की रिपोर्ट प्राप्त हुई थी, जिसे समीक्षा के उपरांत संबंधित कार्यालय को कार्यपूर्णता हेतु वापस भेजा गया है। संबंधित कार्यालय का जवाब प्रतीक्षित है। |
| 9. | रक्षा लेखा उप नियंत्रक (अनु.एवं वि.), मैटकॉफ हाउस, नई दिल्ली | 15.02.2018 | संसदीय राजभाषा समिति द्वारा उक्त कार्यालय के निरीक्षण के दौरान कार्यालय प्रमुख द्वारा समिति को दिए गए आश्वासनों की सूची अभी प्रतीक्षित है। सूची प्राप्त होने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। |

**मद सं. 9 : संसदीय राजभाषा समिति द्वारा निरीक्षण:**

अध्यक्ष महोदया ने निर्देश दिया कि किए गए निरीक्षणों के दौरान कार्यालय प्रमुखों द्वारा संसदीय राजभाषा समिति को दिए गए आश्वासनों पर अनुवर्ती कार्रवाई को गंभीरता से लिया जाए।

**(कार्रवाई: सभी र.ले.प्र.नि./र.ले.नि. कार्यालय तथा हिन्दी कक्ष)**

अंत में अध्यक्ष महोदया को धन्यवाद देने के साथ बैठक की कार्यवाही संपन्न हुई।

**(श्रीनिवास शर्मा)**
**सहायक निदेशक (रा.भा.) सह सदस्य सचिव**